## Part – I / भाग – I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. The Viksit Bharat Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) Act, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), represents a significant upgrade over MGNREGA because in MGNREGA
   A. Structural weaknesses
   B. Not able to enhance rural employment
   C. Absence of transparency and planning
   D. Absence of accountability

   Select the correct answer from the code given below :

   **Code :**
   (a) C and D (b) A and B
   (c) All of the above (d) B and C

2. The Cultural and Educational Right in Indian Constitution is guaranteed by the following
   (a) Art. 27 and Art. 28
   (b) Art. 29 and Art. 30
   (c) Art. 28 and Art. 29
   (d) None of the above

3. The terms Micro-Economics and Macro-Economics were first coined by
   (a) Alfred Marshall (b) Ragnar Frisch
   (c) J. M. Keynes (d) Adam Smith

4. Which of the following best explains the concept of sustainable development ?
   (a) Development that meets present needs without harming future needs
   (b) Development without using natural resources
   (c) Development controlled by international institutions
   (d) Development focused only on economic growth

5. In a certain code language 'HIM-ACE' is written as 21. How will 'SIP-TAG' be written in that code language ?
   (a) 16 (b) 12
   (c) 19 (d) 14

1. विकसित भारत गारन्टी रोज़गार आजिविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), MGNREGA की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नयन का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि MGNREGA में
   A. संरचनात्मक कमजोरियाँ
   B. ग्रामीण रोजगार बढ़ाने में असमर्थ
   C. पारदर्शिता और योजना का अभाव
   D. जवाबदेही का अभाव

   नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :

   **कूट :**
   (a) C एवं D (b) A एवं B
   (c) उपरोक्त सभी (d) B एवं C

2. भारतीय संविधान में संस्कृति और शिक्षा सम्बंधी अधिकार निम्न द्वारा प्रदान किया गया है
   (a) अनु. 27 और अनु. 28
   (b) अनु. 29 और अनु. 30
   (c) अनु. 28 और अनु. 29
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. व्यष्टि–अर्थशास्त्र तथा समष्टि–अर्थशास्त्र का सर्वप्रथम निर्माण किसने किया ?
   (a) अल्फ्रेड मार्शल (b) रेग्नर फ्रिश
   (c) जे. एम. कीन्स (d) एडम स्मिथ

4. निम्नलिखित में से कौन सतत विकास की अवधारणा को सबसे अच्छी तरह से समझाता है ?
   (a) वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं को नुकसान पहुंचाए बिना विकास
   (b) प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग के बिना विकास
   (c) अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा नियंत्रित विकास
   (d) केवल आर्थिक विकास पर आधारित विकास

5. किसी निश्चित कोड भाषा में 'HIM-ACE' को 21 लिखा जाता है । उसी कोड भाषा में 'SIP-TAG' को किस प्रकार लिखा जायेगा ?
   (a) 16 (b) 12
   (c) 19 (d) 14

6. Consider the following statements with reference to present Chief Justice of India.
   1. Present Chief Justice of India is Justice Surya Kant.
   2. Surya Kant is 52nd Chief Justice of India.

   Select the correct answer from the code given below :

   **Code :**

   (a) Both 1 and 2 (b) Only 1
   (c) Neither 1 nor 2 (d) Only 2

7. How many members does the President of India nominate in Rajya Sabha ?

   (a) 12 members (b) 15 members
   (c) 20 members (d) 10 members

8. Which variety of coffee initially brought from Yemen, is produced in India and is in great demand worldwide ?

   (a) Arabica (b) Robusta
   (c) Excelsa (d) Liberica

9. Where was U.N. Climate Summit, COP30 held ?

   (a) China (b) Brazil
   (c) Indonesia (d) Nigeria

10. Which of the following is NOT correctly matched ?

| **(Education Commission)** | **(Year)** |
|---|---|
| (a) University Grants Commission | – 1953 |
| (b) Radha Krishnan Commission | – 1948-49 |
| (c) The Indian Universities Act | – 1917 |
| (d) Sir Charles Wood's Despatch on Education | – 1854 |

11. The definition of health as "a state of complete physical, mental and social well-being and not merely the absence of disease and infirmity" is given by

   (a) UNDP (b) WHO
   (c) FAO (d) UNICEF

6. भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
   1. न्यायमूर्ति सूर्य कान्त भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश हैं ।
   2. सूर्य कान्त भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश हैं ।

   नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :

   **कूट :**

   (a) 1 और 2 दोनों (b) केवल 1
   (c) न तो 1 न ही 2 (d) केवल 2

7. भारत का राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करता है ?

   (a) 12 सदस्य (b) 15 सदस्य
   (c) 20 सदस्य (d) 10 सदस्य

8. कॉफी की कौन-सी किस्म, जो शुरू में यमन से लाई गयी थी, भारत में उत्पादित की जाती है और दुनिया भर में उसकी बहुत माँग है ?

   (a) अरेबिका (b) रोबस्टा
   (c) एक्सेल्सा (d) लिबेरिका

9. संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन, COP30 कहाँ सम्पन्न हुई ?

   (a) चीन (b) ब्राजील
   (c) इन्डोनेशिया (d) नाइजीरिया

10. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| **(शिक्षा आयोग)** | **(वर्ष)** |
|---|---|
| (a) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | – 1953 |
| (b) राधा कृष्णन आयोग | – 1948-49 |
| (c) भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम | – 1917 |
| (d) शिक्षा पर सर चार्ल्स वुड्स डिस्पैच | – 1854 |

11. स्वास्थ्य की परिभाषा जिसे ''सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण अवस्था के रूप में देखा जाता है और जो केवल रोग और दुर्बलता की अनुपस्थिति नहीं है'', दी गयी है

   (a) UNDP द्वारा (b) WHO द्वारा
   (c) FAO द्वारा (d) UNICEF द्वारा

12. When and where did the first session of the Indian National Congress take place and how many delegates participated in it ?

(a) December 1880, Bombay, 70 delegates
(b) December 1885, Bombay, 69 delegates
(c) December 1885, Bombay, 72 delegates
(d) December 1885, Calcutta, 72 delegates

13. Arrange the following Prime Ministers of India in chronological order of their tenure.

1. Charan Singh
2. V. P. Singh
3. H. D. Deve Gowda
4. P. V. Narasimha Rao

(a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 3, 1, 4
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 1, 3, 4, 2

14. When and where was Guru Nanak Ji, the founder of Sikhism born ?

(a) 1489, Talwandi (b) 1469, Talwandi
(c) 1489, Amritsar (d) 1479, Amritsar

15. Fill in the blank.

AI, EO, IU, ______, UE

(a) OI (b) OU
(c) OA (d) UA

16. Which gas is responsible for the greenhouse effect ?

(a) Carbon dioxide (b) Oxygen
(c) Nitrogen (d) Hydrogen

17. In the semi-arid regions of Rajasthan, what were the traditional underground tanks for storing drinking water called ?

(a) Johads (b) Khadins
(c) Tankas (d) Guls

18. Bhagat Singh was the founding Secretary of which of the following organisation ?

(a) Punjab Naujawan Bharat Sabha
(b) Lahore Student's Union
(c) Kirti Kisan Party
(d) H.S.R.A.

12. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन कब और कहाँ हुआ तथा इसमें कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया ?

(a) दिसम्बर 1880, बम्बई, 70 प्रतिनिधि
(b) दिसम्बर 1885, बम्बई, 69 प्रतिनिधि
(c) दिसम्बर 1885, बम्बई, 72 प्रतिनिधि
(d) दिसम्बर 1885, कलकत्ता, 72 प्रतिनिधि

13. निम्नलिखित भारत के प्रधानमन्त्री को उनके कार्यकाल के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।

1. चरण सिंह
2. वी. पी. सिंह
3. एच. डी. देवेगौडा
4. पी. वी. नरसिम्हा राव

(a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 3, 1, 4
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 1, 3, 4, 2

14. सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(a) 1489, तलवंडी (b) 1469, तलवंडी
(c) 1489, अमृतसर (d) 1479, अमृतसर

15. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

AI, EO, IU, ______, UE

(a) OI (b) OU
(c) OA (d) UA

16. ग्रीनहाउस प्रभाव (हरितगृह प्रभाव) के लिए कौन-सी गैस जिम्मेदार है ?

(a) कार्बन डाईऑक्साइड (b) ऑक्सीजन
(c) नाइट्रोजन (d) हाइड्रोजन

17. राजस्थान के अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में पीने के पानी के भण्डारण के लिए पारम्परिक भूमिगत टैंकों को क्या कहा जाता है ?

(a) जोहड (b) खादीन
(c) टंका (d) गुल्स

18. भगत सिंह निम्नलिखित में से किस संस्था के संस्थापक सचिव थे ?

(a) पंजाब नौजवान भारत सभा
(b) लाहौर छात्र संघ
(c) कीर्ति किसान पार्टी
(d) एच.एस.आर.ए.

19. Who presented the Nebular hypothesis, regarding the origin of the earth ?
(a) Chamberlin (b) Laplace
(c) Jeffery (d) Sir James Jeans

20. Which of the following Indian festival has been included recently in UNESCO Intangible Cultural Heritage List ?
(a) Onam (b) Holi
(c) Deepawali (d) Pongal

21. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).
**Assertion (A) :** Khadar soil is more fertile than Bangar soil.
**Reason (R) :** Khadar is new alluvial soil which has a higher concentration of fine particles and less kankar nodules.
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(b) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation of (A)
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) (A) is true, but (R) is false

22. Which one of the following is NOT properly matched ?
(a) $44^{th}$ Constitutional Amendment Act – Abolition of the Right to Property as Fundamental Right
(b) $42^{nd}$ Constitutional Amendment Act – Fundamental Duties
(c) $74^{th}$ Constitutional Amendment Act – Centre-State Relations
(d) $73^{rd}$ Constitutional Amendment Act – Panchayati Raj

23. In which region of the world are the highest number of volcanoes found ?
(a) Atlantic belt
(b) Mid continental belt
(c) Circum pacific belt
(d) Indian oceanic belt

19. पृथ्वी की उत्पत्ति से सम्बंधित निहारिका परिकल्पना किसने प्रस्तुत की ?
(a) चैम्बरलिन (b) लाप्लास
(c) जेफरी (d) सर जेम्स जीन्स

20. यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में हालही में किस भारतीय त्यौहार को शामिल किया गया है ?
(a) ओणम/ओनम (b) होली
(c) दीपावली (d) पोंगल

21. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A) :** खादर मिट्टी, बाँगर मिट्टी की तुलना में अधिक उपजाऊ होती है ।
**कारण (R) :** खादर नई जलोढ़ मिट्टी है जिसमें महीन कणों की सांद्रता अधिक और कंकड ग्रन्थियाँ कम होती हैं ।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :
**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, (R), (A) की सही व्याख्या है
(c) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
(d) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है

22. निम्न में से कौन एक सुमेलित **नहीं** है ?
(a) 44 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – सम्पत्ति के अधिकार का मौलिक अधिकार के रूप में निरसन
(b) 42 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – मौलिक कर्तव्य
(c) 74 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – केन्द्र-राज्य सम्बन्ध
(d) 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – पंचायती राज

23. विश्व के किस क्षेत्र में सर्वाधिक ज्वालामुखी पाए जाते हैं ?
(a) अन्ध महासागरीय मेखला
(b) मध्य महाद्वीपीय मेखला
(c) परिप्रशान्त महासागरीय मेखला
(d) हिन्द महासागरीय मेखला

24. The first Indian woman to win Mrs. Universe crown

(a) Jeevika Jha (b) Promila Rani

(c) Sumona Chatterji (d) Sherry Singh

24. मिसेज यूनीवर्स का ताज जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला है

(a) जीविका झा (b) प्रोमिला रानी

(c) सुमोना चटर्जी (d) शेरी सिंह

25. Which of the following Academy was founded by the Ninth Century Abbasid Caliph Al-Mamun, which undertook the ambitious project of translating Greek, Persian and Sanskrit texts on Philosophy and Science into Arabic ?

(a) Al-Azhar Mosque and University

(b) Bayt-al-Hikmah

(c) Al-Nizamiyya

(d) Dar-al-Ilm

25. नौवी सदी के अबासिद खलीफा अल-मामुन ने निम्न में से किस अकादमी की स्थापना की, जिसमें दर्शन और विज्ञान पर यूनानी, फारसी और संस्कृत के ग्रन्थों का अरबी में अनुवाद करने का महत्वाकांक्षी परियोजना को हाथ में लिया ?

(a) अल-अज़हर मस्जिद एवं विश्वविद्यालय

(b) बयत-अल-हिक्मा

(c) अल-निज़ामिया

(d) दार-अल-इल्म

26. Recent terminology used for repayment of public debt that is preferred, is

(a) Transfer moratorium

(b) Suspension of payments

(c) Return of public debt

(d) Repudiation

26. सार्वजनिक ऋण के पुनर्भुगतान के लिए आजकल प्रयुक्त शब्दावली जिसे प्राथमिकता दी जाती है, वह है

(a) स्थानांतरण स्थगन

(b) भुगतान का निलम्बन

(c) सार्वजनिक ऋण की वापसी

(d) अस्वीकृति

27. When lead nitrate powder is heated in a boiling tube, brown fumes are evolved. These fumes are of

(a) $O_2$ (b) $NO_2$

(c) NO (d) PbO

27. जब लेड नाइट्रेट पावडर को एक क्वथन नली में गरम किया जाता है, भूरे रंग की फ्यूम्स निकलती है, ये फ्यूम्स है

(a) $O_2$ (b) $NO_2$

(c) NO (d) PbO

28. First Indian astronaut who visited International Space Station is

(a) Kalpana Chawla (b) Rakesh Sharma

(c) Shubhanshu Shukla (d) Raja Chari

28. अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री है

(a) कल्पना चावला (b) राकेश शर्मा

(c) शुभांशु शुक्ला (d) राजा चारी

29. Under which title has Dara Shikoh translated fifty two upanishads into Persian language ?

(a) Risal-e-Haqnuma

(b) Safinat-ul-Auliya

(c) Sirr-i-Akbar

(d) Majm-ul-Bahrin

29. दारा शिकोह ने बावन उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद किस शीर्षक से किया ?

(a) रिसाल-ए-हकनुमा

(b) सफीनत-उल-औलिया

(c) सिर्र-ए-अकबर

(d) मज्म-उल-बहरीन

30. Which Constitutional authority determines the disqualification of MP's of Lok Sabha under the $10^{th}$ Schedule ?

(a) President

(b) Election Commission

(c) Speaker of the Lok Sabha

(d) Supreme Court

30. कौन-सा संवैधानिक प्राधिकारी 10 वीं अनुसूची के तहत लोकसभा सांसदों की अयोग्यता का निर्धारण करता है ?

(a) राष्ट्रपति

(b) चुनाव आयोग

(c) लोकसभा का अध्यक्ष

(d) उच्चतम न्यायालय

## Part – II / भाग – II
## Geography / भूगोल

31. According to 'Malthusian Theory' how does population growth compared to food supply ?
(a) Both growth arithmetically
(b) Both growth geometrically
(c) Population growth geometrically and food supply growth arithmetically
(d) Population growth arithmetically and food supply growth geometrically

31. 'माल्थस सिद्धांत' के अनुसार खाद्य आपूर्ति की तुलना में जनसंख्या वृद्धि किस प्रकार होती है ?
(a) दोनों अंकगणितीय रूप में बढ़ते हैं
(b) दोनों ज्यामितीय रूप में बढ़ते हैं
(c) जनसंख्या ज्यामितीय रूप से बढ़ती है और खाद्य आपूर्ति अंकगणितीय रूप से बढ़ती है
(d) जनसंख्या अंकगणितीय रूप से बढ़ती है और खाद्य आपूर्ति ज्यामितीय रूप से बढ़ती है

32. If a central place system operates in a region under the K = 7 principle, what does this value represents in the context of Christaller's central place theory ?
(a) Transport principle
(b) Marketing principle
(c) Marginal population principle
(d) Administrative principle

32. यदि किसी क्षेत्र में केन्द्रीय स्थान प्रणाली का संचालन K = 7 सिद्धांत के अन्तर्गत होता है, तो क्रिस्टालर के केन्द्रीय स्थान सिद्धांत के संदर्भ में यह मान किसका प्रतिनिधित्व करता है ?
(a) परिवहन सिद्धांत
(b) बाजार सिद्धांत
(c) सीमान्त जनसंख्या सिद्धांत
(d) प्रशासनिक सिद्धांत

33. Which approach in geography studies; how human perceive and interact with space ?
(a) Behavioural geography
(b) Quantitative revolution
(c) Humanism
(d) Positivism

33. भूगोल में कौन-सा दृष्टिकोण इस बात का अध्ययन करता है कि मनुष्य स्थान को कैसे समझते हैं और उसके साथ कैसे अन्त:क्रिया करते हैं ?
(a) व्यवहारिक भूगोल
(b) मात्रात्मक क्रांति
(c) मानववाद
(d) सकारात्मकवाद

34. Which one of the following pairs is NOT correctly matched ?

| (Theories of urban morphology) | | (Geographers) |
|---|---|---|
| (a) Sector theory | – | Homer Hoyt |
| (b) Concentric zone theory | – | E. W. Burgess |
| (c) Multi-nuclei theory | – | C. D. Harris |
| (d) Gradient theory | – | J. Garrison |

34. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

| (नगरीय आकारिकी के सिद्धांत) | | (भूगोलवेत्ता) |
|---|---|---|
| (a) खण्ड सिद्धांत | – | होमर होयट |
| (b) सकेन्द्रीय मेखला सिद्धांत | – | ई. डब्ल्यू. बर्गेस |
| (c) बहु-नाभिक सिद्धांत | – | सी. डी. हैरिस |
| (d) ढलान सिद्धांत | – | जे. गैरीसन |

35. According to the 2011 census, which of the following States has a better female literacy rate than Uttar Pradesh ?

(a) Jharkhand (b) Bihar
(c) Arunachal Pradesh (d) Rajasthan

36. Which one of the following is NOT a resolution related to radar system ?

(a) Ground Resolution
(b) Azimuth Resolution
(c) Range Resolution
(d) None of the above

37. Which of the following statements with reference to A.T. Mahan is/are correct ?

1. He gave more importance to Air power than sea power.
2. His famous book is 'The Life of Nelson'.

Select the correct answer using the code given below.

**Code :**

(a) Only 1 (b) Neither 1 nor 2
(c) Both 1 and 2 (d) Only 2

38. Arrange the following rivers in order from East to West :

1. Sutlez
2. Beas
3. Ravi
4. Chenab
5. Jhelum

Select the correct answer using the code given below :

**Code :**

(a) 1, 3, 2, 4, 5 (b) 1, 2, 3, 4, 5
(c) 1, 2, 4, 3, 5 (d) 1, 4, 2, 3, 5

35. 2011 की जनगणनानुसार निम्नलिखित में से किस राज्य की महिला साक्षरता दर उत्तर प्रदेश से बेहतर है ?

(a) झारखण्ड (b) बिहार
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) राजस्थान

36. निम्नलिखित में से कौन एक रडार प्रणाली से सम्बन्धित विभेदन **नहीं** है ?

(a) भूमि विभेदन
(b) अजीमुथ विभेदन
(c) प्रसार विभेदन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. ए.टी. महान के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. उन्होंने समुद्र शक्ति की तुलना में वायु शक्ति को अधिक महत्व दिया ।
2. उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'द लाइफ ऑफ नेलसन' है ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) न तो 1 न ही 2
(c) 1 एवं 2 दोनों (d) केवल 2

38. निम्नलिखित नदियों को पूर्व से पश्चिम के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. सतलज
2. व्यास
3. रावी
4. चिनाब
5. झेलम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) 1, 3, 2, 4, 5 (b) 1, 2, 3, 4, 5
(c) 1, 2, 4, 3, 5 (d) 1, 4, 2, 3, 5

39. Which of the following ocean currents are found along coastline of Africa ?

1. Humboldt current
2. Agulhas current
3. Canary current
4. Benguela current

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) 2, 3 and 4

(b) 1, 2 and 3

(c) 1, 2 and 4

(d) 1, 3 and 4

40. With reference to Christaller's central place theory, which of the following statements is/are correct ?

1. Regions must be an isotropic plain with homogeneous purchasing power.
2. Christaller's theory is known as 'Fixed K' theory.
3. Christaller's theory is known as 'Variable K' theory .

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) 1 and 2 (b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 3 (d) 1 and 3

41. Who coined the terms 'Spread effects' and 'backwash effects' ?

(a) Gunnar Myrdal

(b) F. Perrox

(c) D. C. North

(d) A. O. Hirschman

39. निम्नलिखित में से कौन-सी महासागरीय धाराएँ अफ्रीकन तटरेखा पर पायी जाती है ?

1. हम्बोल्ट धारा
2. अगुलहास धारा ✓
3. कैनरी धारा ✓
4. बेंगुएला धारा ✓

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

✓(a) 2, 3 और 4

(b) 1, 2 और 3

(c) 1, 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

40. क्रिस्टालर के केन्द्र स्थल सिद्धांत के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. प्रदेश एक समरूप मैदान हो जहाँ समान क्रय शक्ति हो ।
2. क्रिस्टालर का सिद्धांत 'निश्चित K' सिद्धांत के रूप में जाना जाता है ।
3. क्रिस्टालर का सिद्धांत 'अस्थिर K' सिद्धांत के रूप में जाना जाता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

✓(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3

(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

41. 'विस्तार प्रभाव' तथा 'पश्च प्रवाह प्रभाव' इन शब्दों का सृजन किसने किया ?

✓(a) गुन्नार मिर्डल

(b) एफ. पेरोक्स

(c) डी.सी. नार्थ

(d) ए.ओ. हिर्शमैन

42. Edward Ullman's concept of spatial interaction was based on the economy of which country ?

(a) U.S.A. (b) Kazakhstan

(c) France (d) China

43. Which geographer emphasized on the concept of 'unity of nature' ?

(a) Humboldt (b) Ritter

(c) Carl Sauer (d) Ratzel

44. 'Dykes' structure is associated with which of the following regions ?

(a) Northern Gujarat

(b) Eastern Maharashtra

(c) Western Gujarat

(d) Western Maharashtra

45. In which of the following ocean red clay deposition is widely found ?

(a) Atlantic Ocean

(b) Arctic Ocean

(c) Pacific Ocean

(d) Indian Ocean

46. Who was the proponent of the concept of 'Lebensraum' ?

(a) Oscar Peschel

(b) Friedrich Ratzel

(c) Carl Ritter

(d) Alfred Hettner

47. Which of the following islands or countries do/does NOT belong to Norwegian cultural realm ?

(a) Denmark and Iceland

(b) Norway and Sweden

(c) Arctic Island group

(d) Finland

42. एडवर्ड उलमान की स्थानिक अन्तक्रिया की संकल्पना किस देश की अर्थव्यवस्था पर आधारित थी ?

(a) यू.एस.ए. (b) कजाखिस्तान

(c) फ्रांस (d) चीन

43. 'प्रकृति की एकता' की अवधारणा पर किस भूगोलवेत्ता ने बल दिया ?

(a) हम्बोल्ट (b) रिटर

(c) कार्ल सॉयर (d) रेटजेल

44. 'डाइक' संरचना निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से सम्बन्धित है ?

(a) उत्तरी गुजरात

(b) पूर्वी महाराष्ट्र

(c) पश्चिमी गुजरात

(d) पश्चिमी महाराष्ट्र

45. निम्नलिखित में से किस महासागर में लाल मृत्तिका के निक्षेप सर्वाधिक मिलते हैं ?

(a) अटलांटिक महासागर

(b) आर्कटिक महासागर

(c) प्रशान्त महासागर

(d) हिन्दू महासागर

46. 'लेबेन्सराम' की संकल्पना के प्रतिपादक कौन थे ?

(a) ऑस्कर पेशेल

(b) फ्रेड्रिक रेटजेल

(c) कार्ल रिटर

(d) अल्फ्रेड हेटनर

47. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप या देश नॉर्वेजियन सांस्कृतिक प्रदेश के अन्तर्गत **नहीं** आता ?

(a) डेनमार्क तथा आइसलैण्ड

(b) नार्वे तथा स्वीडन

(c) आर्कटिक द्वीप समूह

(d) फिनलैण्ड

48. Spencer and Thomas have divided the world into how many cultural world and cultural realms ?

(a) 7 Cultural World and 27 Cultural Realms

(b) 11 Cultural World and 50 Cultural Realms

(c) 10 Cultural World and 13 Cultural Realms

(d) 15 Cultural World and 50 Cultural Realms

49. The geography of 1990's and of subsequent period is included in which paradigm ?

(a) Post-modernism

(b) Positivism

(c) Radicalism

(d) Modernism

50. Which one of the following statements about the coriolis force is NOT correct ?

(a) It is absent at the equator

(b) It is maximum at the pole

(c) It deflects the wind to the right direction in the northern hemisphere

(d) It deflects the winds to the right direction in the southern hemisphere

51. The altitude of GPS satellites in 'high orbit' is

(a) About 36,000 km

(b) About 12,000 km

(c) About 1,000 km

(d) About 20,200 km

52. Which of the following local winds is called 'doctor' ?

(a) Harmattan (b) Santa Ana

(c) Mistral (d) Yamo

48. स्पेन्सर तथा थॉमस ने विश्व को कितने सांस्कृतिक विश्व एवं सांस्कृतिक परिमंडलों में विभाजित किया ?

(a) 7 सांस्कृतिक विश्व एवं 27 सांस्कृतिक परिमंडल

(b) 11 सांस्कृतिक विश्व एवं 50 सांस्कृतिक परिमंडल

(c) 10 सांस्कृतिक विश्व एवं 13 सांस्कृतिक परिमंडल

(d) 15 सांस्कृतिक विश्व एवं 50 सांस्कृतिक परिमंडल

49. 1990 के दशक तथा इसके बाद का समय भूगोल के किस पेराडाइम में सम्मिलित है ?

(a) उत्तर-आधुनिकवाद

(b) प्रत्यक्षवाद

(c) क्रांतिकारी

(d) आधुनिकवाद

50. कोरियोलिस बल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) यह भूमध्य रेखा पर अनुपस्थित रहता है

(b) ध्रुवों पर यह अधिकतम होता है

(c) यह उत्तरी गोलार्ध में हवा को दाहिनी दिशा में मोड़ देता है

(d) यह दक्षिणी गोलार्ध में हवा का दाहिनी दिशा में मोड़ देता है

51. जी.पी.एस. उपग्रहों की 'उच्च कक्षीय' ऊँचाई होती है

(a) लगभग 36,000 किमी

(b) लगभग 12,000 किमी

(c) लगभग 1,000 किमी

(d) लगभग 20,200 किमी

52. निम्नलिखित में से किस स्थानीय पवन को 'डॉक्टर' कहा जाता है ?

(a) हरमट्टान (b) सान्ता अना

(c) मिस्ट्रल (d) यामो

53. When is the balance between incoming solar radiation and outgoing terrestrial radiation usually marked ?
(a) Between 2 : 00 and 4 : 00 pm
(b) 12 : 00 Noon
(c) 10 minutes before sunset
(d) 3 : 00 pm

53. प्राय: प्रवेशी सौर्यिक विकिरण एवं बहिर्गामी पार्थिव विकिरण में संतुलन कब अंकित किया जाता है ?
(a) अपराह्न 2 : 00 एवं 4 : 00 बजे के मध्य
(b) दोपहर 12 : 00 बजे
(c) सूर्यास्त के 10 मिनट पूर्व
(d) अपराह्न 3 : 00 बजे

54. Which of the following is the India's first zero waste airport ?
(a) Rajiv Gandhi International Airport Hyderbad
(b) Kempegowda International Airport Bengaluru
(c) Sardar Vallabhbhai Patel International Airport Ahmedabad
(d) Devi Ahilyabai Hollker Airport Indore

54. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का पहला शून्य अपशिष्ट हवाई अड्डा है ?
(a) राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा हैदराबाद
(b) कैम्पेगौडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बेंगलुरु
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अहमदाबाद
(d) देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा इन्दौर

55. Which of the following information can be used to calculate the air photo scale ?
1. Flying height of the aircraft
2. Focal length of the camera
3. Speed of the aircraft
4. Ground principal point

Select the correct answer using the code given below.

**Code :**
(a) 1 and 2 (b) Only 1
(c) 1, 2, 3 and 4 (d) Only 2

55. निम्नलिखित किन सूचनाओं के प्रयोग से वायु फोटो के मापक की गणना की जा सकती है ?
1. वायुयान की ऊँचाई
2. कैमरे की फोकल लम्बाई
3. वायुयान की गति
4. धरातलीय प्रधान बिन्दु

नीचे दिए गए कूट के उपयोग से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कूट :**
(a) 1 और 2 (b) केवल 1
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 2

56. Which of the following rivers has the largest catchment area ?
(a) Kavery (b) Tapi
(c) Sabarmati (d) Subarnarekha

56. निम्नलिखित में से किस नदी का जलग्रहण क्षेत्र सबसे बड़ा है ?
(a) कावेरी (b) तापी
(c) साबरमती (d) सुवर्णरेखा

57. Which one of the following pair is NOT correctly matched ?

(a) Limestone – Sonbhadra

(b) Copper – Lalitpur

(c) Dolomite – Mirzapur

(d) Glass sand – Meerut

58. Who is the propounder of 'behaviour matrix' ?

(a) Kirk (b) Pred

(c) P. R. Gould (d) White

59. The gravity model of spatial interaction is related to

(a) Brown (b) John Q. Stewart

(c) Gould (d) Taaffe

60. Non-oscillation ecological stability is

(a) Stability in the number of species in the ecosystem

(b) A balance in the production and consumption of each element in ecosystem

(c) The smooth functioning of biogeo-chemical cycles and stable concentration of all elements

(d) Established adjustments in the ecosystem

61. Arrange the following regions in order of increasing population size and select the correct answer from the code given below.

1. Eastern Africa
2. Middle Africa
3. Northern Africa
4. Southern Africa

**Code :**

(a) 3, 4, 2, 1 (b) 4, 2, 1, 3

(c) 4, 3, 1, 2 (d) 4, 3, 2, 1

57. निम्नलिखित युग्मों में से कौन एक सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) चूनापत्थर – सोनभद्र

(b) तांबा – ललितपुर

(c) डोलोमाइट – मिर्जापुर

(d) ग्लास सैंड – मेरठ

58. 'व्यवहारिक मैट्रिक्स' का प्रतिपादक कौन है ?

(a) किर्क (b) प्रेड

(c) पी.आर. गोल्ड (d) ह्वाइट

59. स्थानिक अन्तर्क्रिया का गुरुत्व मॉडल सम्बन्धित है

(a) ब्राउन (b) जॉन क्यू. स्टीवर्ट

(c) गोल्ड (d) टाफे

60. दोलनरहित पारिस्थितिक स्थिरता है

(a) पारिस्थितिकी तंत्र में जातियों की संख्या में स्थिरता

(b) पारिस्थितिकी तंत्र में प्रत्येक तत्व के उत्पादन तथा उपभोग में संतुलन

(c) जैव भू-रासायनिक चक्रों की सुचारू कार्यशीलता तथा सभी तत्वों के सान्द्रण की स्थिर दशा

(d) पारिस्थितिकी तंत्र में स्थापित समायोजन

61. निम्नलिखित प्रदेशों को बढ़ते जनसंख्या आकार के क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

1. पूर्वी अफ्रीका
2. मध्य अफ्रीका
3. उत्तरी अफ्रीका
4. दक्षिणी अफ्रीका

**कूट :**

(a) 3, 4, 2, 1 (b) 4, 2, 1, 3

(c) 4, 3, 1, 2 (d) 4, 3, 2, 1

62. Which of the following scholars coined the term 'megalopolis'?
(a) Jean Gottmann
(b) M. Jefferson
(c) Prestar James
(d) J. Carter

63. Where does the 'Alberta Low' cyclone originate?
(a) On the North-East coast of North America
(b) On the West coast of North America
(c) The Gulf of Mexico
(d) In the eastern part of the Canadian Rocky mountains

64. 'The fringing reefs, barrier reefs and atolls are successive stages of the development of coral reefs.' It is explained in which theory?
(a) Daly's subsidence theory
(b) Daly's glacial control theory
(c) Darwin's glacial control theory
(d) Darwin's subsidence theory

65. 'Golden quadrilateral' connects which four major cities of India?
(a) Delhi, Hyderabad, Bengaluru, Pune
(b) Delhi, Mumbai, Chennai, Kolkata
(c) Lucknow, Jaipur, Bhopal, Nagpur
(d) Mumbai, Ahmedabad, Bhopal, Patna

66. Which of the following was NOT considered by Whittlesy as a basis for delimiting the agricultural regions of the world?
(a) Land use capacity and production method
(b) Combination of crop and livestock farming
(c) Quality of life
(d) Consumption of agricultural products

62. निम्नलिखित विद्वानों में से किसने वृहन्नगर (मेगालोपोलिस) शब्द की रचना की थी ?
✓(a) जीन गॉटमेन
(b) एम. जैफरसन
(c) प्रेस्टर जेम्स
(d) जे. कार्टर

63. 'अलबर्टा लो' चक्रवात का उत्पत्ति कहाँ होती है ?
(a) उत्तरी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर
(b) उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट पर
✓(c) मेक्सिको की खाड़ी
(d) कनाड़ायी रॉकी पर्वतों के पूर्वी भाग में

64. 'तटीय प्रवालभित्ति, अवरोधक प्रवालभित्ति और एटॉल प्रवालभित्तियों के विकास के क्रमिक चरण हैं।' यह किस सिद्धांत में समझाया गया है ?
(a) डेली का अवतलन सिद्धांत
(b) डेली का हिमानी नियन्त्रण सिद्धांत
(c) डार्विन का हिमानी नियन्त्रण सिद्धांत
✓(d) डार्विन का अवतलन सिद्धांत

65. 'स्वर्णिम-चतुर्भुज' भारत के किन चार प्रमुख शहरों को जोड़ता है ?
(a) दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे
✓(b) दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता
(c) लखनऊ, जयपुर, भोपाल, नागपुर
(d) मुम्बई, अहमदाबाद, भोपाल, पटना

66. व्हिटलेसी ने विश्व के कृषि प्रदेशों के परिसीमन में निम्नलिखित में से किसको आधार **नहीं** है ?
(a) भूमी उपयोग क्षमता एवं उत्पादन विधि
(b) फसल एवं पशुपालन का संयोजन
✓(c) जीवन स्तर
(d) कृषि उत्पादों का उपभोग

67. Which one of the source region for the formation of air masses ?

(a) The Himalayas

(b) The equatorial forest

(c) The Deccan Plateau

(d) Very cold snow covered continents in high altitudes

68. Arrange the following gases in the increasing order of their contribution to atmospheric composition and select the correct answer from the code given below.

1. Xenon
2. Hydrogen
3. Helium
4. Krypton

**Code :**

(a) 2, 3, 4, 1 (b) 3, 4, 2, 1

(c) 2, 1, 4, 3 (d) 1, 2, 4, 3

69. Which of the following are correctly matched ?

1. M.A. Busteed – Geography and voting behaviour
2. Mackinder – Democratic ideals and reality
3. Cohen – Geography of peace
4. Seversky – Air power : Key to survival

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) 1, 2 and 4

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 2 and 3

(d) None of the above
